# डकैती की योजना बनाते पकड़े गए 7 बदमाशों से 25 और मोबाइल बरामद

## लोगों के लूटे गए मोबाइल जामताड़ा और मेवात के साइबर अपराधियों को महंगे दामों पर बेचते थे आरोपी, संजय सर्किल पुलिस ने गैंग को दबोचकर वारदातों का खुलासा किया

- गिरफ्तार सभी 7 बदमाश अव्वल दर्जे के लुटेरे हैं, सुनसान रास्तों में लोगों को निशाना बनाते थे
- पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले एक और खरीदार को भी दबोचा

**जयपुर** (कासं)। संजय सर्किल थाना पुलिस ने गत दिनों डकैती की योजना बनाते पकड़े गए सात बदमाशों की निशानदेशी के आधार पर पच्चीस और मोबाइल बरामद किए है और साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले एक और खरीदार को भी पकड़ा है।

गिरफ्तार आरोपी लूटे गए मोबाइलों को साइबर अपराध करने वालों को डिलिवरी करते है। अब पुलिस साइबर अपराध करने वालो की तलाश में जुटी है। जिनसे और भी अधिक मोबाइल-लैपटॉप बरामदगी की संभावना है। गौरतलब है कि पूर्व में पकड़े गए बदमाशों से लूटे गए 15 लाख रुपए कीमत के दो महंगे लैपटॉप और 40 महंगे मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं। गिरफ्तार सभी आरोपित अव्वल दर्जे के लुटेरे हैं, यह सुनसान जगह पर राहगीरों से मोबाइल छीनते हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने दो जनवरी को डकैती की योजना बनाते पकड़े गए सात बदमाशों की निशानदेशी के आधार पर 25 और मोबाइल बरामद किए है और साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले एक और खरीदार 23 वर्षीय जरीफ निवासी आजमनगर जिला कटिहार बिहार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इससे पूर्व आरोपित लाला उर्फ लाल मोहम्मद (19) निवासी बंगाली बस्ती नाहरी का नाका शास्त्री नगर, शकील अली (19) निवासी कटिहार बिहार हाल शास्त्री नगर, मोहम्मद तारिफ (22) निवासी काजी जी का नाला भट्टा बस्ती, जय रुद्दीन (23) निवासी पेंटर कॉलोनी शास्त्री नगर और उस्मान (20) निवासी पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर सहित खरीदार मोहित स्वामी निवासी शास्त्रीनगर और संदीप स्वामी निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार जा चुका है। जिनके कब्जे से डकैती के लिए काम में लेने वाले मिर्च पाउडर, कटार, चाकू, टॉर्च, रस्सी, पेचकस, टेप, कटर, एयरगन, बैग, दो लैपटॉप और 40 मोबाइल फोन बरामद किया जा चुका हैं।



**संजय सर्किल थाना पुलिस ने गत दिनों डकैती की योजना बनाते पकड़े गए सात बदमाशों की निशानदेशी के आधार पर पच्चीस और मोबाइल बरामद किए।**

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी बिहार के रहने वाले है जो जयपुर में वारदात करने के उद्देश्य से ही आते है। जो लोगों से लूटे गए मोबाइल को साइबर ठगी करने वाले व्यक्तियों को जामताड़ा और मेवात को उनकी जगह पर जाकर महंगे दामों में बेचते है।

इसके बाद साइबर ठग मोबाइल को एक-दो बार प्रयोग में लेने के पश्चात नष्ट कर देते है। इस कारण से उनकों पकडे जाने का खतरा भी नहीं रहता है। अब पुलिस की टीमें गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर साइबर अपराधों की वारदात देने वाले ठगों की तलाश कर रही है।

# सचिवालय नगर योजना के पीड़ितों को अब भी न्याय का इंतजार : अशोक मेहता

- सचिवालय नगर जनकल्याण समिति जयपुर ने इस योजना के पीड़ितों से मुलाकात की

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की चर्चित और विवादित सचिवालय नगर योजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सचिवालय नगर जनकल्याण समिति जयपुर की ओर से आशा वाला वाटिका रोड स्थित समिति कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक मेहता ने की। बैठक में सचिवालय नगर योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और पीड़ितों की दशकों से लगातार बनी हुई वेदना को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

बैठक में अशोक मेहता ने कहा कि सचिवालय नगर योजना एक उच्च स्तरीय सुनियोजित साजिशों और आपराधिक षड्यंत्रों से ग्रसित रही है। इस योजना में भारी घोटाले तथा संगठित अपराधों की विशाल श्रृंखला खड़ी हुई है, जो कि इसे उलझाने और सुनियोजित तरीके से लंबे समय से विवादित बनाने के पीछे संगठित अनैतिक व अपराधिक ताकतों की मंशा और नियत गबन, घोटाले और फर्जीवाड़ों को छुपाना और दबाना ही मुख्य तौर पर रहा।

अशोक मेहता ने आरोप लगाया कि मुहाना गृह निर्माण सहकारी समिति के तत्कालीन प्रशासक, अवसायक तथा उनके आपराधिक सहयोगियों में राधेश्याम शर्मा, राम प्रकाश गुप्ता, अलका गुप्ता, सुरेश सारण और उनके समर्थक शामिल थे। इन सभी का सरकारी कार्यवाहियों में एक मक्कड़जाल की तरह उलझाव रहा है। मेहता ने यह भी आरोप लगाया कि इस योजना में अरबों रुपये का घोटाला हुआ है, जिसे धारा 55 के तहत की गई जाँच रिपोर्ट से स्पष्ट किया जा सकता है। हालांकि, सहकारिता विभाग के दबाव और प्रभाव के चलते उस रिपोर्ट को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में लगभग 3500 पीड़ित परिवार शामिल हैं, जो इस योजना में की गई अनियमितताओं और घोटालों के कारण गहरी चिंता और आक्रोश का शिकार हैं। पिछले 7-8 वर्षों से इन घोटालों की जांच लंबित है। करीब सात-आठ साल पहले सचिवालय नगर योजना के खिलाफ 93 आपराधिक मामले पुलिस के पास जांच के लिए गये थे, लेकिन 2018 में राजस्थान में कांग्रेस सरकार के गठन के बाद इन मामलों की जांच आश्चर्यजनक रूप से अचानक से वापस ले ली गई थी, जिससे भ्रष्ट अधिकारियों और भूमाफियाओं के हौसले और अधिक बढ़ते गये, इससे पीड़ितों की पीड़ा और वेदना के साथ नुकसान, निराशा, रोष और आक्रोश भी बढ़ते गए।

मेहता ने पीड़ितों से अपील की कि अब हमें एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष और आंदोलन करना होगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, नगरीय विकास मंत्री, प्रमुख शासन सचिव, रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त को पीड़ितों की ओर से एक संयुक्त ज्ञापन दिया जाएगा, जिसमें इन घोटालों की गंभीरता और उनकी जांच की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र ताम्बी जहाजपुर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सिस्टम में एक बड़ी और भारी खामी है, पीड़ितों के साथ अन्याय, अपराध, भ्रष्टाचार, शोषण और अत्याचार आदि तो आकस्मिक और तेज गति से हो जाते हैं लेकिन अनैतिक और आपराधिक ताकतों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई नहीं होती। इस कमी और कमजोरी का अनैतिक और अपराधिक तत्वों को अनुचित फायदा मिलता है, जाँच और सजा से बच जाते हैं और इस कारण भी गलत गतिविधियां और अभ्यास जारी रहते हैं।

ताम्बी ने सरकार और सरकारी तंत्र से अपील की कि पीड़ितों के मामलों को प्राथमिकता से सुलझाया जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भूमि संबंधित घोटाले और संगठित अपराध बहुत अधिक है, यही कारण है कि भूमाफिया इन अपराधों से बच जाते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती। इस अवसर पर बैठक में सैकड़ों पीड़ितों ने भाग लिया और उनकी ओर से संजय डी. नगर, राहुल यादव, कृष्ण अवतार शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, राजेश खंडेलवाल, भोजराज सैनी, राजेश सोनी, महेश भामोदिया, गोविंद प्रसाद खंडेलवाल, बृजेश अग्रवाल आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और निर्णायक संघर्ष का संकल्प लिया।

# यादों को हमेशा संजोए रखना सही नहीं, आगे बढ़ने के लिए भूलना भी जरूरी

**जयपुर**। रंगमंच के रंगों से सराबोर करने वाला 7वां राजरंगम् महोत्सव अपने परवान पर है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और एक्टर्स थिएटर एट राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव का रविवार को चौथा दिन रहा। रंगायन सभागार में शाम को सुनीता तिवारी नागपाल (एनएसडी) के निर्देशन में नाटक पीले स्कूटर वाला आदमी का मंचन किया गया। वहीं भारत की कला, संस्कृति और आपदा प्रबंधन विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी पर नाट्यय निर्देशकों ने चर्चा की। सोमवार को महोत्सव के आखिरी दिन धीरज भटनागर के निर्देशन में शाम 6:30 बजे नाटक चित्रांगदा का मंचन किया जाएगा।

अपनी कहानियों से पाठकों के दिलों में हलचल पैदा करने वाले लेखक और अभिनेता मानव कौल की कहानी पर आधारित नाटक पीले स्कूटर वाला आदमी की प्रस्तुति दर्शकों को गहरा संदेश दे गयी। सुनीता तिवारी नागापाल के निर्देशन में कलाकारों ने अपने विचारों की उधेड़बुन में लगे मुंबई निवासी लेखक लाल की कहानी को जीवंत किया। लाल जिसकी एकाकी जिंदगी मुंबई की भागदौड़ भरी जिंदगी में एक कमरे में सिमट कर रह गयी है।



**जवाहर कला केन्द्र में 7वें राजरंगम् महोत्सव में रविवार को मानव कौल की कहानी ''पीले स्कूटर वाला आदमी'' का नाटक रूप में मंचन हुआ।**

नाटक में लाल की कहानी के साथ कई कहानियां समानांतर चलती है, उसके परिवारजन और आप-पास के लोग ही इन कहानियों के पात्र होते हैं। सपने के साथ नाटक की शुरुआत होती है, लाल कुछ लिखने में व्यस्त है। तभी उसकी प्रेमिका आती है वह उसके साथ सुकून भरे कुछ लम्हें गुजार रहा होता है आंख खुलते ही लाल का सामना होता है अपने ही अक्स पीतांबर से। दोनों की चर्चा के साथ नाटक आगे बढ़ता है। एक-एक कर किरदारों से लाल का सामना होता है। कभी उसके पिताजी, कभी प्रेमिका तो कभी मोहल्ले के वृद्ध से उसका सामना होता है और लाल अपने कुछ सवाल उनके सामने रखता है। बचपन में लाल की तबीयत खराब होने पर उसकी पसंदीदा चीज को पीला करने की सलाह दी जाती है तो पिताजी के स्कूटर को पीले रंग में रंग दिया जाता है, पीले स्कूटर को चलाने वाले आदमी लाल के पिता रहते है।

यह बात लाल के मन में खटकती रहती है तो पिताजी लाल को उन बातों को भूल जाने को कहते है। इसी तरह पिताजी अपनी पत्नी सावित्री के बारे में कहते थे कि सावित्री बहुत बुरी थी तो लाल इस सवाल का जवाब भी लगातार पूछता रहता है कि ऐसा क्यों रहा। नाटक का अंत बड़ा ही मार्मिक रहा।

# राजरंगम् महोत्सव में रंगमंच और भारतीय कला पर मंथन

- कोविड महामारी का भारतीय कला व संस्कृति पर पड़े असर पर चर्चा हुई

**जयपुर** (कासं)। जवाहर कला केन्द्र में आयोजित 7वें राजरंगम् महोत्सव के तहत रविवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें राजरंगम् निर्देशक डॉ. चन्द्रदीप हाडा, वरिष्ठ नाट्य निर्देशक नरेन्द्र अरोड़ा, धीरज भटनागर, विशाल विजय, योगेन्द्र सिंह और संकेत जैन ने अपने विचार रखे। कोविड जैसी आपदा के बाद भारत की कला और संस्कृति पर क्या प्रभाव पड़ा और ऐसी आपदा का प्रबंधन किस तरह किया जाए, जिससे रंगमंच और अन्य कलाएं अक्षुण्ण बनी रहे शोध का यह विषय चर्चा कर केन्द्र रहा।

डॉ. चन्द्रदीप हाडा ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा के समय कलाकार व कला-संस्कृति को अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ता है, आपदा के प्रबंधन के लिए संयुक्त रूप से उपाय और सुझाव निकलकर सामने आए यही चर्चा का मुख्य उद्देश्य रहा। संघोष्ठी के जरिये कलाकारों के मन में आपदा प्रबंधन के लिए विचार उत्पन्न करने का प्रयास किया गया जिससे पॉलिसी मेकिंग में वे भी अपना योगदान निभा सके। नरेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि आपदा में कलाकारों को रोजगार के अवसर कैसे उपलब्ध हो इस पर विचार किया जाना चाहिए। इसमें हमें लाइव प्रसारण जैसी तकनीक के उपयोग पर जोर देना चाहिए। धीरज भटनागर ने युवा रंगकर्मियों से जीवन में अनुशासन अपनाने पर जोर दिया। विशाल विजय ने रंगकर्मियों से आलोचनाएं स्वीकार करने का आव्हान किया जिससे सीखने के अवसर बढ़ें। वहीं युवा निर्देशक योगेन्द्र सिंह और संकेत जैन ने रंगकर्म में नए प्रयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सार-समाचार

### राजीव दत्ता बने कुश्ती संघ के अध्यक्ष



**जयपुर**। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक रविवार को जयपुर में आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला संघ के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता को राजस्थान राज्य कुश्ती संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया, वहीं उम्मेद सिंह को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। नया दायित्व मिलने पर राजीव दत्ता ने कहा कि कुश्ती हमारा पारंपरिक खेल है। राजस्थान की प्रतिभाओं को इस खेल में आगे बढ़ाना और देश का गौरव बढ़ाना हमारा मुख्य लक्ष्य होगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में राजस्थान ने 56 मेडल जीते थे। इस वर्ष का लक्ष्य है कि हमारे खिलाड़ी दुगने मेडल लेकर आएं। खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी जिला संघों के साथ मिलकर एक टीम के रूप में काम करेंगे।

### पौषबड़ा प्रसादी महोत्सव का आयोजन



**जयपुर**। श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति की ओर से रविवार को पौषबड़ा प्रसादी महोत्सव आयोजित किया। मंदिर समिति प्रचार प्रसार मंत्री महेश सैनी ने बताया कि मुख्य सलाहकार समिति अध्यक्ष हरीश शर्मा एवं कार्यकारिणी समिति के नेतृत्व में चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर पानी पेच में शनिवार को भगवान शिव परिवार और सभी देवी-देवताओं का अलौकिक श्रृंगार किया गया। कार्यकारिणी व सभी भक्तों के द्वारा मंदिर प्रांगण में पौष बड़ा महोत्सव और श्रीराम संकीर्तन व अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रों के द्वारा सभी देवी-देवताओं का आव्हान किया और शिव परिवार को पौषबड़ा व्यंजनों का भोग लगाया। इसके पश्चात संतों को भोजन प्रसादी कराई गई और पूजा पाठ की संध्याकालीन आरती के बाद लगभग 15 हजार भक्तों ने पंगत प्रसादी आनंद के साथ ग्रहण की। मंदिर समिति की ओर से सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक लगभग 800 व्यक्तियों अल्पाहार एवं दोपहर थाली प्रसादी 12 से 2 बजे तक लगभग 400 असहाय और जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क घर जैसा भोजन प्रसादी कराई जाती है। यह कार्यक्रम समिति एवं भक्तों के द्वारा 3 साल से लगातार चल रही है।

### तीतर का शिकार करते हुए दो गिरफ्तार



**जयपुर**। क्षेत्रीय वन अधिकारी आमेर ने रविवार को कार्रवाई करते हुए तीतर का शिकार करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है और उनके पास से दो मृत तीतर, एक टोपीदार बन्दूक सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। वन विभाग ने राजस्थान वन्यजीव संरक्षण 1972 की धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां ने न्यायालय ने दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी आमेर शंकर लाल मीणा ने बताया कि वन क्षेत्र नींदड-बैनाड़ में नृसिंह मंदिर के पास में तीतर का शिकार करते हुए भीमसेन बुनकर और प्रकाश चंद बुनकर को गिरफ्तार किया गया है।

# अवैध स्पा सेंटर पर पुलिस की छापेमारी

**जयपुर**। शिप्रा पथ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटर पर छापेमारी की है। जहां पुलिस ने छह युवतियों को हिरासत में लिया है और स्पा मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि शिप्रापथ इलाके में संचालित एचटीओ स्पा पर पुलिस टीम ने रेड मारी है, जहां पुलिस ने छह युवतियों हिरासत लिया है और साथ ही स्पा सेंटर के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके अलावा पुलिस को स्पा सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि दूसरे राज्य से युवतियों को जयपुर लाकर अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटर कार्य करवाया जा रहा था।

# 29 जनवरी को राजस्थान में गांव बंद आंदोलन करवाने की तैयारी में जुटी किसान महापंचायत

- इस अभियान को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का राज्य व्यापी प्रवास का प्रथम चरण आज से शुरू होगा

**जयपुर** (कासं)। किसान महापंचायत ने आगामी 29 जनवरी को राजस्थान में सभी गांव बंद करने का आव्हान किया है। इस आंदोलन की तैयारियों के लिए किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का राज्यव्यापी प्रवास 6 जनवरी प्रातः 9 बजे से आरंभ होकर 13 जनवरी को जयपुर जिले के शाहपुरा तक चलेगा।

जानकारी के मुताबिक प्रवास के प्रथम चरण में 15 जिलों में संपर्क हो सकेगा। जिसमें भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जोधपुर, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, कोटपूतली, बहरोड और अलवर जिलों में पत्रकार वार्ता तथा प्रत्येक जिले में ग्रामसभा का आयोजन निश्चित किया गया है। इनके अतिरिक्त प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, बाड़मेर, जैसलमेर, खैरथल- तिजारा जिले के कार्यकर्ताओं से भी संवाद किया जाएगा। निश्चित कार्यक्रम के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के कार्यकर्ताओं को चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, राजसमंद एवं बांसवाडा के कार्यकर्ताओं को उदयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर के कार्यकर्ताओं को जोधपुर तथा खैरथल तिजारा के कार्यकर्ताओं को अलवर पहुंचने के लिए आग्रह किया जाएगा। 6 जनवरी को प्रातः 9 बजे जयपुर से प्रस्थान करने के उपरांत जयपुर, अजमेर के कार्यकर्ताओं से संपर्क करते हुए रामपाल जाट आगे बढ़ेंगे। इसके बाद भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा में 16 दिसंबर से चल रहे आमरण अनशन के आंदोलन को समर्थन देने के लिए सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके बाद से ग्राम सभा एवं पत्रकार वार्ताओं के कार्यक्रम आरंभ हो जाएंगे। जो 12 जनवरी को अलवर तक चलेंगे।

इस प्रवास में किसान महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी तथा प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बैरवा भी रहेंगे। गांव बंद आंदोलन को स्वैच्छिक रखने के लिए ग्राम स्तर पर कार्यकर्ताओं की मंडलिया तैयार की जा रही है। इस आंदोलन का उद्घोष होगा ''वे जाति-धर्म से तोड़ेंगे...हम मूंग चने से जोड़ेंगे'' अर्थात समान आर्थिक हितों के आधार पर व्यक्ति आत्म नियंत्रण से स्वयं को तैयार करेगा।

# दो वाहन चोर और खरीददार गिरफ्तार

**जयपुर**। बजाज नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को पकड़ा है और साथ ही चोरी के वाहन खरीदने वाले एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन बाइक बरामद की है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोर प्रदीप कुमार बाग़वानी उर्फ दीपक व पंकज कानानी को गिरफ्तार किया है और साथ ही चोरी के वाहन खरीदने वाला दोस्त आबाद मियां को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन बरामद किए है।

# गोविंद देवजी मंदिर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**जयपुर**। यज्ञ का ज्ञान विज्ञान जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में निःशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में किया गया।

मंदिर के सेवाअधिकारी मानस गोस्वामी ने वेदमाता मां गायत्री, गोविंद देव जी, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर यज्ञ का विधिवत शुभारंभ कर कहा कि यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कार्य है। वेद में लिखा है यज्ञ में अर्पित की गई आहुतियां भगवान तक पहुंचती है। यज्ञ का प्रसाद प्राप्त कर ही भगवान मनुष्यों को आशीर्वाद देने में सक्षम होते हैं। यज्ञ गायत्री महामंत्र के साथ हो तो वह कई गुना अधिक लाभ देता है। मंदिर में गोविंद भक्तों को हर रविवार को यज्ञ करने का अवसर प्राप्त होगा। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के दिनेश आचार्य, डॉ अजय भारद्वाज दिनेश भारद्वाज की टोली वैदिक विधि से यज्ञ संपन्न कराया। ज्यादा से ज्यादा लोग यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सकें इसलिए यज्ञ पूरी तरह निःशुल्क रखा गया। किसी प्रकार के पंजीयन और टोकन की व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में पांच पारियों में ढाई सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। दिनेश आचार्य ने गुरु महिमा, गायत्री वंदना सहित अनेक प्रज्ञा गीतों की सरस प्रस्तुतियां देखकर माहौल को सरस बना दिया। डॉ अजय भारद्वाज ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का पिता और गायत्री भारतीय संस्कृति की माता है। यज्ञ सत कर्म है और गायत्री सद्ज्ञान है। हमें इन दोनों का अवलंबन करके सभी तरह की उन्नित प्राप्त करनी चाहिए। इस मौके पर विष्णु गायत्री, कृष्ण गायत्री और राधा गायत्री मंत्र से विशेष आहुतियां भी प्रदान की गई। एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई ग्रहण करने के संकल्प के साथ पूर्णाहुति करवाई गई। लोगों ने यज्ञ के पूर्णाहुति के रूप में बच्चों से मोबाइल का सीमित उपयोग करवाने, जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाने और व्यसन छोडने का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं को यज्ञ के ज्ञान प्रसाद के रूप में श्रेष्ठ साहित्य भेंट किया गया।



**आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने आहूतियां दी।**

यज्ञ में शामिल हुए सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि गायत्री परिवार ने यज्ञ को आंदोलन का रूप लेकर राष्ट्र निर्माण का बहुत बड़ा कार्य हाथ में ले रखा है। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के पद चिह्न पर चलते हुए गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ प्रणव पंड्या और देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या के निर्देशन में हम सभी को गायत्री रूपी ज्ञान गंगा को घर घर पहुंचाना चाहिए। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि गायत्री देवों की मां है। गायत्री मंत्र का जाप करने से सभी देवी-देवताओं की साधना हो जाती है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में गायत्री महामंत्र का जाप करना चाहिए। इससे बुद्धि निर्मल होती है।

गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने दोनों विधायकों को दुपट्टा धारण कराकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार देश भर में 24000 से अधिक शक्तिपीठ, प्रज्ञा पीठों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण में जुटा हुआ है। राष्ट्र का निर्माण करने से पहले व्यक्ति और परिवार का निर्माण करना होगा।।गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर चौधरी ने कहा जयपुर स्थित सभी प्रज्ञा केंद्रों पर गायत्री यज्ञ और सभी तरह के संस्कार निशुल्क कराए जाते हैं। आम जनता को इसका लाभ उठाना चाहिए। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया 12 जनवरी को गोविंद देव जी मंदिर में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा।

# सिरफिरे ने युवती का पीछा कर छेड़छाड़ की

**जयपुर**। मुरलीपुरा थाना इलाके में 19 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घर लौटते समय आरोपी उसका पीछा करता है। यहां तक कि रास्ते में रोककर अश्लील कमेंट कर दोस्ती करने का दबाव बनाया।

पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी 19 वर्षीय एक लड़की ने मामला दर्ज करवाया कि पिछले डेढ़ महीने से एक लड़का उसका पीछा करता है। शाम को वापस घर लौटते समय पीछे-पीछे चलकर अश्लील कमेंट करता है। घर पर आकर गेट पर लेटर चिपका कर चला जाता है। आए दिन पीछा कर रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करता है। गुरुवार शाम को घर लौटते समय सुनसान जगह पर अकेला पाकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर अश्लील कमेंट करने लगा। भागकर घर पहुंचने पर आरोपी पीछे-पीछे आ गया।

घर पहुंचकर परिजनों को आरोपी की करतूत के बारे में बताया। मुरलीपुरा थाने में परिजनों के साथ पहुंची पीडिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।



## World Day for War Orphans

Extending a caring hand to the innocent souls, who bear the heavy weight of conflict's aftermath, offering hope and healing. Each year, war makes orphans of many children all over the globe. In fact, UNICEF (United Nations International Children's Emergency Fund) estimates that approximately 150 million children worldwide are orphans, and many of these are due to deaths caused by war. The World Day for War Orphans is observed each year as a time to raise awareness about the plight of these children, and also to find opportunities to provide them with resources to help overcome this trauma.

#PARENTING

# Shaping Your Kid's Future

The key lies not in protecting children from challenges but in equipping them with the tools to face them head-on, learn from them, and emerge stronger.





Many parents are reflecting on the lessons learned last year, as we move into 2025. Parenting is an evolving journey, and with each year comes new insights and strategies that may come in handy. In 2024, a common focus was on raising strong kids who can cope with challenges and bounce back from setbacks. Here, we share some deeper details and insights about a few lessons to keep in mind as we move on.

**Set Digital Boundaries:** Children now need to learn not just how to use technology but how to control it. Setting boundaries around screen time is less about restricting limits and more about teaching conscious choices. This involves helping kids understand when technology helps or hinders their goals, and encouraging them to make intentional decisions about their digital engagement.

**Focus On Emotional literacy:** The emphasis has shifted from simply managing emotions to understanding them. Children who can name, understand, and process their feelings show greater resilience in challenging situations. Teaching them to recognize emotional patterns and develop coping strategies has become a crucial life skill.

**It Is Okay To Fail:** The approach to failure has evolved beyond simple encouragement. Parents now focus on teaching children to analyse setbacks, identify learning opportunities, and develop action plans for improvement. This structured approach to handling disappointment builds both resilience and problem-solving skills.

**Importance To Social Skills:** In an increasing digital world, helping children maintain meaningful in-person relationships has become vital. Teaching them to navigate social situations, handle conflicts, and build genuine friendships provides a support system that strengthens their resilience.

**Say Yes To Physical And Mental Wellbeing:** The connection between physical activity and mental capability has become clearer. Regular exercise, outdoor play, and movement breaks are now recognized as essential tools for building both physical and mental strength in children.


**Adaptability Is The Key:** It is imperative that children learn how to handle change gracefully. This involves exposing them to new situations in safe ways and helping them develop strategies for adapting to unexpected circumstances, and learning to navigate through them.

**Staying Connected:** In our increasingly connected world, helping children understand and appreciate different perspectives and cultures builds both empathy and adaptability. This awareness helps them navigate diverse social situations with confidence.

**The Bottom-Line:** The key lies not in protecting children from challenges but in equipping them with the tools to face them head-on, learn from them, and emerge stronger.



PART:1



## प्रभु मेरे अवगुण चित ना धरो।

प्रभु मेरे अवगुण चित ना धरो।
समदर्शी प्रभु नाम तिहारो, चाहो तो पार करो।।
एक लोहा पूजा मे राखत, एक घर बधिक परो।
सो दुविधा पारस नहीं देखत, कंचन करत खरो।।
एक नदिया एक नाल कहावत, मैलो नीर भरो।
जब मिलिके दोऊ एक बरन भये, सुरसरी नाम परो ।।
एक माया एक ब्रह्म कहावत, सुर श्याम झगरो।
अबकी बेर मोही पार उतारो, नहि पन जात तरो।।



Swami Vivekananda's marble bench at Dr Sen's garden.


# THE SWAMI AND SINNERS



Maj. Chandrakant Singh VrC *(Retd)*
*Military Historian*

Some months ago, my wife and I had called upon Dr. Gautam Sen and Dr. Mrs. Nirmal Sen, when they showed me a marble bench in their garden from which, during the time when Dr. Sen's grandfather was the Prime Minister of Jaipur State, Swamiji used to deliver his sermons. Swami Vivekananda was a multi-dimensional man of many parts, spirituality was just one of them. His spirituality was not exclusive to ascetic holy men but included every imaginable type, including prostitutes, philanthropists, scientists and men and women of the arts. This is what makes him truly great and a universally revered personality, who is, if I may say so, the *Raj Guru* of modern India.

Swamiji had a very strong connect to Jaipur and without the support that he received here, he would have found it difficult to fulfill his mission. His Jaipur sojourn is covered in Part 3, the final part of this account, Parts 1 and 2 are about his encounters with courtesans and scientists. At the outset, I want to make it clear that this account is not about the spiritual aspects of Swamiji's life, I am not competent to write about it. What I have covered are some lesser known aspects of his life, about which few are aware of.



RUINS OF HAWA MAHAL KHETRI.

### A HOLY ALLIANCE OF A SAINT AND SINNERS

12 January 2024 is the hundred and fifty first birth anniversary of Swami Vivekananda. Incidentally, it also happens to be my birthday. This is not the only connection I have with him. My family's connections with Swami Vivekananda go back to the time of my great grandfather, Raja Umrao Singh of Kotla, who had met Swamiji during his visit to Agra, when he was touring India as penniless wandering ascetic. These associations of my ancestor were told to me by my grandmother, but were put in cold storage in a deep recess of my memory.

### ENCOUNTERS WITH COURTESANS


Swami Vivekananda, along with some other European ladies and Sister Nivedita during a trip to the Himalayas at the Naina Devi temple, Nainital, met a group of dancing girls of the Maharaja of Tehri. Whilst the Europeans took them to be respectable ladies, there was a storm in the town at Swamiji not turning away from the nautch girls.

That made Vivekananda recall his experience with the courtesan in the court of the Raja Ajit Singh of Khetri, a *thikanedar* of Jaipur State, where he was a guest of the Raja. He had been angry at the invitation to attend a *mujra* by a famous dancing girl and refused to come out of his room. The dancing girl was well-versed in not only arts of entertainment, but also in matters of spirituality. The courtesan, learning of this, sang this melancholic song of Surdas from *Sursagar*, which

## #STRANGE ENCOUNTERS



PARVEEN RAI AT AKBAR'S COURT.



compelled Vivekananda to come out of his room and thank her for enlightening him.

प्रभु मेरे अवगुण चित ना धरो।
समदर्शी प्रभु नाम तिहारो, चाहो तो पार करो।।
एक लोहा पूजा मे राखत, एक घर बधिक परो।
सो दुविधा पारस नहीं देखत, कंचन करत खरो।।
एक नदिया एक नाल कहावत, मैलो नीर भरो।
जब मिलिके दोऊ एक बरन भये, सुरसरी नाम परो ।।
एक माया एक ब्रह्म कहावत, सुर श्याम झगरो।
अबकी बेर मोही पार उतारो, नहि पन जात तरो।।

A rough translation of the above, for those not familiar with *Brajbhasha*, is, "O Lord, please ignore my faults. You are known as being impartial and love everyone equally. If you wish, then kindly bestow your grace upon me. There is an iron that is used in the holy worship while there is another that lies with the brutal butcher. O Lord, you are that 'Paras' that turns base metal into gold. On one side, there is a river and on the other, a drain. When both meet with the Ganga, they are known as the *Ganga*. The Holy River does not differentiate between the two. There is one entity known as *Maya* and the other is known as *Brahm*. However, there is so much dispute, and O Lord, I am confused and dependent on you for your grace. Now, this time, do not delay it. I cannot cross the ocean of this material world by myself."

Hearing these words Vivekananda came out of his room. He had been defeated by a courtesan. That night, he wrote in his diary, "A new revelation has been given to me today by the Divine. I was afraid, must be some lust within me. But the woman defeated me completely, and I have never seen such a pure soul. Sitting near her, I became aware that it is not a question of what is outside, it is a question of what is inside. Now, I can even sleep with that woman in a bed and there will be no fear of lust." Similar sentiments have been expressed by Mahatma Gandhi in his 'Experiments with Truth.'

Mahatma Gandhi had great respect and admiration for Vivekananda. In 1921, during his visit to Belur Math, he wrote, "I have come here to pay homage and respect to the revered memory of Swami Vivekananda, whose birthday is being celebrated today. I have gone through his works very thoroughly, and after having gone through them, the love that I had for my country became a thousand fold. I ask you, young men, not to go away empty-handed, without imbibing something of the spirit of the place where Swami Vivekananda lived and died."

I am a little surprised at Vivekananda's initial hesitation in meeting the courtesan at Khetri, when his own *Guru*, Swami Ramakrishna Paramhansa, had no such hesitation, and who, on several occasions, bowed down to them respectfully and acknowledged them to be manifestations of the Divine Mother.

This incident reminds of an incident involving Rai Praveen, who was courtesan of Rao Indrajit of Orchha. Rai Praveen was no ordinary courtesan, she was not only beautiful but also an accomplished dancer, singer and poet in her own right. She had been tutored by *Pandit* Keshavdas of Orchha, who along with his grandson Bihari of Jaipur, are considered to be the best all-time Hindi poets and authors of works such as *Rasikpriya*, *Barahmasa* and several other poetic works. Akbar, hearing of her beauty and accomplishments, desired her to be presented at his court. This was not something that Rao Indrajit could ignore and Rai Praveen was compelled to appear before Akbar. But her heart was with Indrajit.

Facing Akbar boldly, Rai Praveen opened her performance with this couplet,

'विनती सुनो राय प्रवीण की, शाह सुजान,
जुथि पातर भकत है, बयास स्वैन।।

Translated, it means, "Listen to the appeal of Rai Praveen, O Great Emperor, only low castes and scavengers eat the leftovers from the plate from which others have eaten." Akbar was indeed Great. Hearing these words, he had her returned untouched to Orchha.

His meeting with courtesans at Khetri and Nainital was not the only time when Vivekananda had an encounter with such ladies. In 1900, returning from his second trip to the West, Swami Vivekananda, along with some of his western followers, stopped at Cairo. One day, when they were walking down a road, they somehow lost their way and entered the 'Red Light Area.' Some scantily clad women came out and started soliciting them. Vivekananda looked at them with compassion and muttered, "Poor children! They have put their divinity in their beauty." He was feeling so sad that tears rolled down his eyes. Now, the women, who were earlier making fun of him, now started feeling ashamed. One of them tried to hide her remorse, another knelt down, and holding on to his feet, wiped her tears with his robe. In blessing these ladies and not condemning them, Vivekananda was following the example set by his own *guru* Swami Ramakrishna Paramhansa. Max Muller, the famous German Orientalist, has written in his *Life of Ramakrishna*, "Ah! How sweet are these words, they remind me of one of the prostitutes Amrapali, and the object of Lord Buddha's divine grace and of the Samaritan woman, who won the grace of the Lord Jesus."

### FAMILY CONNECTIONS

Impressed by Swamiji, Raja Umrao Singh introduced him to his friend, Raja Ajit Singh of Khetri, a premier noble of Jaipur State. Ajit Singh, too, was spiritually inclined, and like Swamiji, was interested in the arts and modern science. The two became close friends, a friendship that was to last till the end of their very short lives, both died at the age of 39. Ajit Singh's support was to play a crucial role in the life and mission of Swami Vivekananda. Ajit Singh was a member of the *Rajput Mahasabha*, a Rajput reformist movement, of which my great grandfather was a founder patron.

For me, this is of particular interest and it should interest historians of our Independence Movement too. Raja Umrao Singh lived in Agra in a house named after his fiefdom, Kotla House, which still stands next to the Agra Collectorate. Staying in the outhouses was a Kashmiri family, who, escaping from Delhi during the troubles of 1857, had sought refuge from Raja Umrao Singh. The head of the Kashmiri family was Nandlal Nehru and with him were his two sons, Gangadhar and Motilal. The family, having lost their all in Delhi, were in a financial straight jacket. So, Raja Umrao Singh introduced Gangadhar, the elder brother of Motilal Nehru (father of Jawaharlal Nehru and the first use the surname of Nehru) to Raja Ajit Singh of Khetri, who employed him as a *munshi* as he knew Persian, which was still in use as the official and court lingua franca in parts of our country. Nehru family ancestors, upto the time of grandfather Nandlal, had been in service of the Moghuls and were conversant with the language. This introduction of the Nehrus to the court of Khetri was the first upturn in the fortunes of the Nehru family after their flight from Delhi. Gangadhar now could support his family and also educate Motilal in law. The High Court was located in Agra and Motilal soon made his mark, and later, when the high court moved to Allahabad, he too moved to Allahabad.

rajeshsharma1049@gmail.com



VIVEKANANDA MEMORIAL AT KHETRI.

#J'ADORE

# Gorgeous Lipstick Shades

Be the talk of the town with these glamorous shades that will instantly glam up your winter.



Winter is all about looking rosy fresh, and we all know that the perfect shade of lipstick can turn around your entire look and just brighten up your day! Rich scarlets, deep reds, maroons and creamy hot chocolate shades are the way to go this winter. We're going to help you choose the right shades of lipsticks for you to flaunt this season! Read on!

### Go Brick Red

This bold and vibrant tint is for today's independent and self-assured woman and is a colour with just a hint of brown and no shimmer at all! This bright shade is a cult favourite and perfect for the dull winter months. It gives a pure matte finish along with good coverage. Just a swipe is enough to brighten up your face!



### Tone It Down




This exceptionally gorgeous lip colour is a matte finish liquid lipstick and is the hottest colour this season. It is the perfect warm brown shade that'll suit every skin tone. This will bring some much-needed colour and has superb staying power. It doesn't even smudge after heavy and oily meals. So yay, there's no need for touch-ups!

### Go Bold



Soft Matte Lip Cream in the shade Budapest is a red-brown shade that goes on smoothly. The formula is extremely light and smells like cupcakes. Lovely ladies, try out this gorgeous shade this winter that'll glam you up instantly, and we highly recommend this shade for those misty, winter parties!

### Pop It Up




One shade that has managed to transition from summer to winter is orange-red! You know, that bright colour that just pops out! While this colour was traditionally restricted to summer months, this winter is all about breaking the rules and orange shades have been accepted into winter makeup kits. When you swipe this one on, just make sure your makeup is minimal and neutral!

### Bobbi Brown Raisin



Who said subtlety doesn't go a long way? This gorgeous lipstick with red tinge will make you the talk of the town because that's how pretty it looks. Bobbi Brown is known for her semi-matte formulae that gives a beautiful sheen and not just a simple matte look. The creamy formula doesn't dry your lips and is a great choice for a longer wear!

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### डोडा पोस्त सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी व परिवहन पर रोकथाम को लेकर जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक व पुलिस उपाधिक्षक मालपुरा के निर्देशो पर पचेवर थाना पुलिस ने थानाधिकारी हीरालाल के सुपरविजन मे शनिवार की देर शाम को दौराने गश्त के मालपुरा-दूदू स्टेट हाईवे से बरोल जाने वाले कच्चे रास्ते पर बाईक सवार दो जनो को रोक की गई पूछताछ व ली गई तलाशी मे मिले अवैध डोडा पोस्त को लेकर संतोषप्रद जवाब नही देने पर पुलिस टीम ने अनुमानित 1 लाख रूपये से अधिक कीमत के 10 किलो 65० ग्राम अवैध डोडा पोस्त व उपयोग मे ली गई बाईक को जप्त कर आरोपी राजू पुत्र जगन्नाथ गुर्जर व गणेश पुत्र छीतर गुर्जर निवासी ग्राम थडी थाना पचेवर को गिरफ्तार कर दोनो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट मे मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की जांच के लिये ओमप्रकाश उपनिरीक्षक थानाधिकारी डिग्गी को अनुसंधान अधिकारी बनाया गया।

### विधायक ने रक्तदान शिविर में शिरकत की

**शाहपुरा।** शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने राजस्थान प्रदेश माली महासभा (रजि.) जय फुले माली के तत्वाधान में विकास जन सेवा समिति के द्वारा सावित्री बाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में सैनी धर्मशाला त्रिवेणी धाम में आयोजित प्रथम विशाल रक्तदान शिविर में भी भाग लिया और युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया।रक्तदान करने से नए रक्त का संचार होता है और व्यक्ति स्वस्थ और सुखी रहता है। कांग्रेस विधायक ने हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक बार रक्तदान करने पर जोर दिया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**टोंक।** पीपलू उपखंड की ग्राम पंचायत सोहेला में रविवार को संत शिरोमणि बाबा बालीनाथ की स्मृति में 40वीं जिला स्तरीय बैरवा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिला बैरवा नवयुवक मंडल अध्यक्ष अभिनव बंशीलाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद जोनवाल ने गेंद को शोर्ट लगाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अध्यक्ष भंवरलाल बंशीवाल, विशिष्ट अतिथि सोहेला सरपंच शान्ति देवी बैरवा,व्याख्याता दीपक जारवाल,नवरत्न शर्मा सोहेला,पूर्व सरपंच रामदास बैरवा, बंशीलाल बेरवा, मणिन्द्रसिंह लोदी,मूलचंद बैरवा, अक्षय बैरवा, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी प्रमोद जोनवाल,रामगोपाल बैरवा लडडू लाल बैरवा, कप्तान राकेशरणवाल,चन्द्रशैखर बैरवा, सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 114.30 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी

**शाहपुरा।** भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि जिसके तहत संसदीय क्षेत्र के कोटपुतली जिले में 28.62 किलोमीटर एमडीआर रोड के लिए 49.30 करोड़ रुपए तथा जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में बीलवाड़ी (एनएच-248ए) से ढोढ़सर (एनएच-57) वाया पालड़ी, खोरा लाड़खानी, मनोहरपुर, बिशनगढ़, राडावास, गोविंदपुरा बासडी, बिलांदरपुर, सिंगोद खुर्द और सिंगोद कलां तक की 38.50 किलोमीटर एमडीआर रोड सात मीटर चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 35 करोड़ रुपए व उदयपुरिया मोड़ से मुंडरू वाया खेजरोली सड़क तक 19.20 किलोमीटर एसएच रोड के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 30 करोड़ रुपए वित्तीय स्वीकृति जारी हुई।

### कलश यात्रा का भव्य स्वागत

**कोटपूतली।** कश्मीर शारदा पीठ से महाकुंभ कलश यात्रा महाराज राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर रुद्रनाथ विशाल के सानिध्य में रविवार को कोटपूतली पहुँची। यहाँ राजमार्ग स्थित प्लस हॉस्पिटल में निदेशक डॉ. प्रीति व डॉ. महेंद्र सिंह पलसानिया एवं टीम द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# जूली ने विकास कार्यो का किया उद्घाटन

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सडक़े ना केवल रोड कनेक्टिविटी को जोडने का काम करती है बल्कि विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के राज में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास को तीव्र गति से पंख लगे जिसकी बदौलत आज क्षेत्र मे आमजन को सहुलियत मिल रही है।

उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र में बड़े स्तर पर विधायक निधि कोष से सडक़ों सहित विभिन्न विकास कार्यो का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विधानसभा के सभी क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है।

> ■ ग्रामीण विधानसभा के सभी क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है : जूली

जूली रविवार को मालाखेड़ा ब्लॉक के गांव बालेटा, पूनखर एवं भंडोडी में करोड़ों रुपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। जूली ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में इंटरलॉकिंग सडक़, श्मशान घाट निर्माण, रिनिवल कार्यों, वाटर कूलर, ग्रेवल सडक, सिंगल फेस बोरिंग सहित पाइप लाइन का उद्घाटन किया।

**जूली ने करोड़ो रूपये की लागत से हुए इन विकास कार्यो का किया उद्घाटन:-**

जूली ने मालाखेडा ब्लॉक में करोडो रूपये की लागत से हुएविकास कार्यो गांव बालेटा में भडोली रोड़ से खिलारी मेव के घर की ओर, हीरामल बाबा के स्थान से रामचंद्र के कुएं की ओर, बैंदाडा बास में इंटर लॉकिंग सडक़, भैसा घाटी से भाटाला बास, नदी से भाटाला बास तथा लाला यादव के धुन्धल से मेव की ओर ग्रेवल सडक़, देव नारायण स्कुल से मॉडल स्कुल तक एवं देव नारायण स्कुल के सामने से आरआरसी व मेवों की ढाणी की ओर पाइप लाईन डालने तथा बौकडा वाले हनुमान मंदिर में वाटर कुलर लगाने एवं हवासिंह के घर के पास सिंगल फेज बोरिंग साथ ही किसान सेवा केन्द्र एवं भूअभिलेख परिसर में इंटर लॉकिंग सडक निर्माण कार्य, पूनखर में भौमिया मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर चावंड माता मंदिर में अचलपुरी सडक़ से अर्जन/सत्या जाट की ढाणी देवनारायण मीणा से बन्ना मीणा के मकान तक अहीर बास से कर्मी यादव की ढाणी की ओर फत्या के जोहड से हाजीपुर वालों की ढाणी तक मुख्य सडक़ से सरबू मीणा की ढाणी तक मुख्य सडक़ से बिल्लू यादव की ढाणी की ओर मुख्य सडक से मदन मीणा के घर की ओर, अहीर बास से हिंग्योटया बास (संत का नगंला) में इंटर लॉकिंग सडक तथा पूनखर से संत का नगंला सडक़ का रिनिवल कार्य पूनखर नाई समाज, पूनखर प्रजापत समाज, पूनखर मीणा समाज, साथ ही ग्राम भंडोडी में राम बैरवा के घर होते हुए सरपंच की ढाणी की ओर, रामस्वरूप बैरवा के घर से डाबंर रोड की ओर गोपी सिद्व का बास, कैलाष के मकान से रामनिवास जाट के खेत की ओर इंटर लॉकिंग सडक़ सहित विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

## काव्य शैली में प्रथम बार श्रीमद् भागवत कथा आज से

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के भागवत प्रेमी एवं नगर वासियों की ओर से श्रीमाधोपुर में पहली बार काव्य शैली में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 13 जनवरी सोमवार तक श्रीमाधोपुर के स्टेशन रोड पर स्थित खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला में किया जाएगा। आयोजकों की ओर से बताया गया है कि 6 जनवरी सोमवार को प्रात: 9 बजे मंदिर रघुनाथ जी के से कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर भ्रमण के पश्चात कथा स्थल पहुंचेगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक रहेगा। कथा व्यास पर स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज होंगे।बताया गया है कि 13 जनवरी सोमवार को सुबह 9 बजे से 108 कुंडीय महायज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा।

108 कुंडीय है महायज्ञ हवन पूजा में बैठने वाले जोड़े जय मां दुर्गा पूजा महोत्सव समिति श्रीमाधोपुर के महामंत्री बजरंग लाल अमरसरिया, अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल बागरियावास वाले व उप संरक्षक पवन शर्मा से संपर्क कर अपना नाम लिखवा सकते हैं।

## पावटा में खुले कुए दे रहे हैं हादसों को न्योता

**पावटा।** जिले में बोरवेल में गिरी तीन साल की चेतना की मौत के बाद भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया है। जिले के पावटा क्षेत्र में खुले बोरवेल आज भी हादसों को न्योता दे रहे हैं। प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद क्षेत्र में अब भी खुले कुए हैं। इस मामले में तह सील दार संजय खेदड़ ने कहा कि जल्द ही कर्मचारियों को मौके पर भेजकर जांच करवाई जाएगी।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जो भी सुरक्षा उपाय किए जा सकते हैं, वे सब प्राथमिकता से किए जाएंगे। क्षेत्र में बिना किसी सुरक्षा के कुओं को खुला छोड़ रखा है। अब ये खुले कुए न केवल जानवरों के लिए, बल्कि बच्चों और अन्य स्थानीय निवासियों के लिए भी खतरनाक साबित हो रहे हैं।

खुले कुओं के चारों ओर उचित चेतावनी संकेत भी नहीं है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की कि खुले बोरवेलों व कुओं को ढंकवाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

> ■ पावटा में चेतना की मौत के बाद भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया हैं, सार्वजनिक स्थानों पर कई कुए खुले पड़े, हादसों की आशंका, लोगों की प्रशासन से इन्हें ढंकवाने की मांग

इस स्थिति ने क्षेत्र में सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को उजागर किया है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह न केवल जानवरों के लिए, बल्कि मानव जीवन के लिए भी खतरा बन सकता है। वही पालिका क्षेत्र में खुले पड़े कुओं को लेकर ई ओ से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फोन उठाने की जहमत तक नहीं उठाई।

## 'नगरपालिका शहरी क्षेत्र मे जारी पट्टो की होगी जांच'

**मालपुरा।** राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी रविवार को क्षैत्र मे एक दिवसीय दौरे पर रहै। मंत्री ने अविकानगर गेस्ट हाऊस मे मालपुरा विधानसभा क्षैत्रवासियो की समस्या निवारण के लिये की जनसुनवाई।

बडी संख्या मे पहुंचे क्षैत्रवासी मंत्री के समक्ष समस्या समाधान की गुहार लगाने के साथ-साथ शहरी क्षैत्र मे पालिका प्रशासन द्वारा जारी किये गये पट्टो की जांच करवाने व नियमो के विपरीत एवं एक ही भूखण्ड के दो पट्टे जारी करने तथा फर्जी पट्टो को तत्काल निरस्त करवाने की मांग करते हुये ऐसे भूखण्डो के जारी पट्टो के साक्ष्य मंत्री के समक्ष रखे। पट्टा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये मंत्री ने तत्काल मौके से ही उपखण्ड अधिकारी व कार्यवाहक पालिका ईओ अमित चौधरी को जांच के दिये निर्देश।

राम नगर,केशव नगर जयपुर रोड पर वार्ड मे एक वर्ष पूर्व निर्माण करवाई गई इन्टरलॉकिंग टाईल सडक जो कि राष्ट्रीय रोजगार ग्रामीण गारन्टी योजना के तहत बनवाई गई थी। विभाग द्वारा जारी सडक निर्माण के आदेशो मे सडक के दोनो और नाली निर्माण करवाना दर्शाया गया लेकिन आज तक नाली का निर्माण नही किया गया।

जबकि वार्ड मे राधेश्याम माली के मकान से खेमराज के मकान की और सडक निर्माण कार्य पूर्ण होने का बोर्ड लगा ईतीकर दी। लोगो ने बताया कि वर्तमान मे पीडब्ल्यूडी द्वारा उक्त सडक मार्ग से करीब डेढ सो फिट आगे नाली का निर्माण किया जा रहा है। जबकि निर्माण स्थल पर बनी सडक के किनारे पूर्व मे आधा अधुरा नाली निर्माण का कार्य किया गया था उसी मे नवीन निर्माण दर्शा कागजो मे भारी हेराफेरी किये जाने का अंदेशा है।

बिना मापदण्डो के करवाये जा रहै निर्माण से कॉलोनी मे बरसाती पानी जमा होने व मौसमी बिमारियां फैलने का अंदेशा है। प्राप्त आमजन की शिकायतो के त्वरित निस्तारण के लिये मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियो को दिये निर्देश। जनसुनवाई के दौरान पचेवर ग्राम पंचायत क्षैत्र सीआर संतोष कंवर,कैलाश दरोगा सहित ग्रामीणो ने मंत्री को ज्ञापन सौंप पचेवर पंचायत क्षैत्र को तहसील बनाने की मांग की।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**पावटा।** शनिवार को पावटा कस्बा स्थित प्राचीन हखडेत हनुमान मंदिर प्रांगण में शाम सात बजे से ही भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया है। इस दौरान पंडित गिरिराज शास्त्री ने बताया कि रामचरितमानस का पंचम सोपान सुंदरकांड है,सिर्फ यही नहीं सुंदरकांड व्यक्ति के अंदर सकारात्मक भावनाओं को भी पैदा करता है और इसका पाठ करने से व्यक्ति समाज के लिये अच्छे काम करने के प्रति भी प्रेरित होता है। यही वजह है कि पंडित और ज्योतिषाचार्य भी लोगों को सुंदर कांड का पाठ करने की सलाह देते हैं।

आयोजन में पंडित गिरिराज शास्त्री, यशवर्धन शर्मा, हर्ष वर्धन शर्मा, राकेश गौड, संदीप गौड, संजय गौड, अंकित गौड, दीपक तिवारी, ललित शर्मा, दीपक भारद्वाज, नरेंद्र गौड, गणेश मोदी, पुरुषोत्तम भारद्वाज, दीपक पटेल, सांवरमल बंसल, यशवर्धन , हर्षवर्धन शर्मा, महेश खंडेलवाल, राहुल गोयल, यश गौड , दिपेश नारायण शर्मा, पवन गोयल, अनुप गर्ग, भवानी पारीक , बजरंग पारीक, कैलाश पारीक, साहुल मोदी, दशरथ सहित कई भक्त मौजूद रहे।

# विराटनगर में 'भागता भारत दौड़' प्रतियोगिता का आयोजन

**पावटा।** विराटनगर सीनियर स्कूल में रविवार को भागता भारत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ किरण यादव प्रिंसिपल गुरुकुलम स्कूल ढाणी गैसकान विराटनगर द्वारा किया गया।

भागता भारत दौड़ प्रतियोगिता में 800 मी. दौड़ में उमेश सैनी प्रथम, 400 मी. दौड़ में पूजा गुर्जर प्रथम, 200 मी. दौड़ में राज गुर्जर प्रथम रहे। मोटिवेशनल दौड़ के लिए चिंटू यादव उम्र 7 वर्ष ने 3 किलोमीटर दौड़ लगभग 15 मिनट में दूरी तय कर नया कीर्तिमान रचा। प्रतियोगिता में विजेताओं को भागत भारत संस्था की तरफ से मेडल शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

> ■ चिंटू यादव उम्र 7 वर्ष ने 3 किलोमीटर दौड़ लगभग 15 मिनट में तय कर रचा नया कीर्तिमान
>
> ■ दौड़ प्रतियोगिता में 800 मी. दौड़ में उमेश सैनी प्रथम, 400 मी. दौड़ में पूजा गुर्जर प्रथम रहे

सतीश यादव ब्लैक कैट अकैडमी विशिष्ट अतिथि द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया।

यादव ने कहा निरंतर प्रयास से बच्चे किसी भी लक्ष्य को पाने में सक्षम हो सकते हैं तथा उन्हें खेलों में बढ़-कर कर रुचि लेनी चाहिए।

प्रतियोगिता में दिल्ली से योगेश, थानागाजी से नरेंद्र कुमार, राजू, चौकी गोवर्धनपुर से विनोद सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर बच्चों का हौसला अफजाई कर उनका मनोबल बढ़ाया।

निरंतर वर्षों से लगातार बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करने वाले जयसिंह धानका पूर्व सैनिक विधायक प्रत्याशी विधानसभा विराटनगर ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते आए हुए सभी मेहमान तथा अतिथियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

## विधायक ने सुनी आमजन की समस्याएं

**मनोहरपुर।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने ग्राम बिलांदरपुर में अपने निवास पर क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण और समाधान के लिए फोन लगाकर उन्हें अवगत करवाया गया।

विधायक ने समस्याओं से रूबरू होकर उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही कांग्रेस विधायक ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ दिलाने पर भी अधिकारियों को अवगत करवा कर कर इस पर जोर दिया। रक्तकोष फाउंडेशन जिला शाखा सीकर एवं विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण विकास समिति शाहपुरा जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 11वें नि:शुल्क जांगिड़ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सममेलन में शिरकत की और तृतीय विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की सफलता के लिए आयोजक और कार्यकर्ताओं की प्रशंसा भी की।


RH राजस्थान आवासन मण्डल

हमारा प्रयास, सबको आवास

नए साल की नई शुरुआत - आवासन मण्डल की प्रीमियम प्रॉपर्टी के साथ

ई-ऑक्शन के माध्यम से प्रीमियम सम्पतियों को (आवासीय/व्यावसायिक) खरीदने का सुनहरा अवसर



**ई-ऑक्शन की तिथि: 03 से 05 फ़रवरी, 2025**

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली मूल्य (रूपयों में) |
|---|---|---|---|
| योजना का नाम - प्रताप नगर, सेक्टर-23, जयपुर (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) | | | |
| 1. | 23/I (Corner) | 2476.54 | 120000/-प्र.व.मी. |
| 2. | 23/J (Corner) | 2748.23 | 136000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2478 | | | |
| 1. | CI-07, CI-08 (ST), CI-09 | 120 | 55000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - जवाहर नगर, भरतपुर (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) | | | |
| 1. | JNB/C/01 | 1167.55 | 70000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | A-21 (Corner) | 90 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 2. | A-22, A-23, A-24 (SC), A-25, A-26, A-27, A-28 (ST), A-29 | 90 | 48500/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - प्रताप नगर, जयपुर (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) | | | |
| 1. | 266/SH-B1/S-2 | 46.8 | 100000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2478 | | | |
| 1. | CI-41, CI-42 (SC), CI-43, CI-44, CI-45, CI-46 | 36 | 55000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | A-09 (Corner), A-14 (Corner) (SC), A-15 (Corner), A-20 (Corner) (SC), A-52 (Corner), A-53 (Corner) (SC) | 27 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 2. | A-10, A-11, A-12, A-13, A-16 (ST), A-17, A-18, A-19, A-48, A-49, A-50, A-51 (ST), A-54, A-55 | 27 | 48500/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - प्रताप नगर, जयपुर (आवासीय फ्लैट्स) RERA REG. NO. RAJ/P/2019/1161 | | | |
| क्र. सं. | फ्लैट संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली प्रति फ्लैट (रूपयों में) |
| 1. | 26/A/103, 26/A/506, 26/A/805, 26/A/902, 26/A/1001, 26/A/1107, 26/A/1202, 26/A/1203, 26/B/206, 26/B/602, 26/B/903, 26/B/1002, 26/B/1202, 26/B/1203, 26/B/1204, 26/C/603, 26/C/701, 26/C/904 | 36.32 | 3800000/- |

**ई-ऑक्शन की तिथि: 17 से 19 फ़रवरी, 2025**

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली मूल्य (रूपयों में) |
|---|---|---|---|
| योजना का नाम - प्रताप नगर, सेक्टर-23, जयपुर (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) | | | |
| 1. | 23/M | 2408.75 | 120000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - प्रताप नगर, सेक्टर-19, जयपुर (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) | | | |
| 1. | 194/A-1 (Corner) | 2411.41 | 110000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2477 | | | |
| 1. | CK-01 | 120 | 60000/-प्र.व.मी. |
| 2. | CK-02, CK-03 | 120 | 55000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | A-38, A-39, A-40, A-41, A-42 (SC), A-43 (ST), A-44, A-45, A-46 | 90 | 48500/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2477 | | | |
| 1. | CK-28, CK-29, CK-30 (SC), CK-31 (ST), CK-32, CK-33 | 36 | 55000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | B-29, B-30 (SC), B-31, B-34, B-35 (ST), B-36 (SC), B-37, B-38, | 16.2 | 48500/-प्र.व.मी. |
| 2. | B-32 (Corner), B-33 (Corner), B-39 (Corner) | 16.2 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 3. | B/K-01 (Corner), B/K-02 (Corner) (SC), B/K-03 (Corner) (ST), B/K-04 (Corner), B/K-05 (Corner), B/K-06 (Corner), B/K-07 (Corner), B/K-08 (Corner) (SC) | 4 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 4. | A-01 (Corner) | 54 | 51000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - प्रताप नगर, जयपुर (आवासीय फ्लैट्स) RERA REG. NO. RAJ/P/2019/1161 | | | |
| क्र. सं. | फ्लैट संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली प्रति फ्लैट (रूपयों में) |
| 1. | 26/E/1104, 26/E/1105, 26/E/1106, 26/E/1108, 26/E/1205, 26/F/307, 26/F/508, 26/F/601, 26/F/602, 26/F/603, 26/F/808, 26/F/901, 26/F/905, 26/F/1001, 26/F/1002, 26/F/1003, 26/F/1004, 26/F/1005, 26/F/1006 | 36.32 | 3800000/- |

**ई-ऑक्शन की तिथि: 10 से 12 फ़रवरी, 2025**

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली मूल्य (रूपयों में) |
|---|---|---|---|
| योजना का नाम - प्रताप नगर, सेक्टर-23, जयपुर (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) | | | |
| 1. | 23/K | 2426.49 | 120000/-प्र.व.मी. |
| 2. | 23/L | 2418.69 | 120000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2478 | | | |
| 1. | CI-10, CI-11, CI-12 (SC) | 120 | 55000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | A-30 (SC), A-31, A-32, A-33, A-34, A-35 (ST), A-36 (SC), A-37 | 90 | 48500/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - प्रताप नगर, जयपुर (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) | | | |
| 1. | 266/SH-B1/S-12 | 46.8 | 110000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2478 | | | |
| 1. | CI-47 (ST), CI-48 (SC), CI-49, CI-50, CK-27, CI-51 | 36 | 55000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | A-56, A-57 | 27 | 48500/-प्र.व.मी. |
| 2. | A-58 (Corner) (ST) | 27 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 3. | B-01 (Corner) (SC), B-07 (Corner) (SC), B-08 (Corner) (ST), B-14 (Corner) | 21.6 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 4. | B-02, B-03, B-04, B-05, B-06, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13 (SC) | 21.6 | 48500/-प्र.व.मी. |
| 5. | B-26 (Corner) | 16.2 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 6. | B-27 (ST), B-28 | 16.2 | 48500/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - प्रताप नगर, जयपुर (आवासीय फ्लैट्स) RERA REG. NO. RAJ/P/2019/1161 | | | |
| क्र. सं. | फ्लैट संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली प्रति फ्लैट (रूपयों में) |
| 1. | 26/C/1203, 26/D/102, 26/D/106, 26/D/305, 26/D/307, 26/D/604, 26/D/605, 26/D/704, 26/D/705, 26/D/1206, 26/E/104, 26/E/208, 26/E/303, 26/E/406, 26/E/408, 26/E/605, 26/E/705, 26/E/801, 26/E/1001 | 36.32 | 3800000/- |

**ई-ऑक्शन की तिथि: 24 से 27 फ़रवरी, 2025**

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली मूल्य (रूपयों में) |
|---|---|---|---|
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2477 | | | |
| 1. | CK-04, CK-05, CK-06 (SC) | 120 | 55000/-प्र.व.मी. |
| 2. | G-03 | 798.49 | 50000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (बड़े व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | A-47 (Corner) | 90 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 2. | B-15 (Corner), B-25 (Corner) (ST) | 72 | 51000/-प्र.व.मी. |
| 3. | B-16, B-17, B-18 (ST), B-19 (SC), B-20, B-21, B-22, B-23, B-24 (SC) | 72 | 48500/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - अरावली विहार, भिवाड़ी (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2477 | | | |
| 1. | CK-34, CK-35, CK-36 (SC), CK-37, CK-38 | 36 | 55000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - नयी राआम योजना, हनुमानगढ़ (छोटे व्यावसायिक भूखण्ड) RERA REG. NO. RAJ/P/2023/2457 | | | |
| 1. | A-02, A-03, A-06 (SC), A-07, (SC) A-60, A-61, A-64, A-65 (SC) | 54 | *A-06 (SC), A-07 48000/- प्र.व.मी. 48500/-प्र.व.मी. |
| 2. | A-04 (Corner), A-05 (Corner), A-08 (Corner) (ST), A-59 (Corner) (SC), A-62 (Corner) (ST), A-63 (Corner), A-66 (Corner) | 54 | 51000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - प्रताप नगर, जयपुर (आवासीय फ्लैट्स) RERA REG. NO. RAJ/P/2019/1161 | | | |
| क्र. सं. | फ्लैट संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली प्रति फ्लैट (रूपयों में) |
| 1. | 26/F/1007, 26/F/1008, 26/F/1101, 26/F/1102, 26/F/1103, 26/F/1104, 26/F/1105, 26/F/1106, 26/F/1107, 26/F/1108, 26/F/1201, 26/F/1202, 26/F/1203, 26/F/1204, 26/F/1205, 26/F/1206, 26/F/1207, 26/F/1208 | 36.32 | 3800000/- |

*उपरोक्त भूखण्ड/आवास 'जहाँ/जैसी स्थिति में है' आवंटित किये जायेंगे।

भुगतान शर्तों पर भारी छूट

नीलामी की विस्तृत जानकारी के लिए QR कोड स्केन करें

नीलामी में भाग लेने, विस्तृत शर्तों एवं अन्य जानकारी के लिए राजस्थान आवासन मण्डल की वेबसाइट https://rhb.rajasthan.gov.in देखें। तथा भवन निर्माण पेरामीटर्स एकीकृत भवन विनियम 2020 के अनुसार रहेंगे।

**हेल्पलाइन नं.** कार्यालय समय में: **0141-2744688, 2740009,** कार्यालय समय उपरान्त: **9461054291/92/319** एवं **9460254319,** कमल कुमावत **(6376868696)** या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन **(9828363615)** से सम्पर्क करें

Rera Website: www.rera.rajasthan.gov.in राज.संवाद/सी/24/9929 आवासन आयुक्त

## संक्षिप्त

### पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित

**नारायणपुर।** महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज के सानिध्य में पौषबड़ा महोत्सव बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम प्रांगण में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा, जिन्होंने इस विशेष धार्मिक अवसर का लाभ लिया। महोत्सव के दौरान ठाकुर जी को पकौड़ी और हलवा का भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी वितरण की गई। यह प्रसादी वितरण इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें कस्बे सहित आसपास के श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज के धोक देकर आशीर्वाद लिया। इस अवर पर रमेशदास महाराज सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रश्मि बनी तहसील अध्यक्ष

**निवाई।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता विजयवर्गीय ने टोंक में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में निवाई निवासी रश्मि गिर्राज विजयवर्गीय को निवाई तहसील महिला संगठन की अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा विजयवर्गीय व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्का विजयवर्गीय सहित समाज की प्रमुख महिलाएं उपस्थित रही। अध्यक्ष रश्मि विजयवर्गीय तहसील कार्यकारिणी का जल्दी ही विस्तार करने का आश्वासन दिया।

### पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजित

**टोंक।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में नववर्ष उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही वर्षभर में आयोजित होने वाली ज्ञान योग आधारित परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें टोंक से बीके चंदा, जयवन्ति, आशा, शंकुतला एवं निवाई से सरिता, पूजा, सुरेंद्र भाई ने प्रथम श्रेणी से पास किया, वही अलग-अलग केटेगरी में लगभग 80 भाई बहनो ने पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में केक काटकर नववर्ष मनाया।

### गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व आज

**श्रीमाधोपुर।** गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी मोहल्ला श्रीमाधोपुर के सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि आज गुरु गोविंद सिंह जी का 368 वां प्रकाश पर्व समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। सिंह ने बताया कि सुबह 6 बजे प्रकाश गुरु ग्रंथ साहिब, 6:15 बजे से पाठ जपजी साहिब , 7 बजे से सुखमणि साहिब पाठ, 8:15 बजे से चाय का लंगर , 8:30 बजे से सहज पाठ समाप्ति, 9 बजे से आशा दी वार, 9:30 बजे से शब्द कीर्तन एवं प्रवचन, 11 बजे आरती और अरदास तत्पश्चात 3 बजे तक गुरु का अटूट लंगर बरपाया जाएगा। कार्यक्रम को सफलतम बनाने के लिए गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है।

### मोहरा बाबा के पोषबड़ा का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 20 पारीको का मोहल्ला मैं स्थित मोहरा बाबा के मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया । मोहरा बाबा के प्रति क्षेत्र वासियों की असीम श्रद्धा है इन्हें नजर के देवता के रूप में भी जाना जाता है। इस उपलक्ष पर मंदिर के कार्यकारिणी के सदस्य महंत राजेंद्र डोरवाल, श्याम सुन्दर कसेरा,बजरंग लाल सैनी, ताराचंद सैनी, भगवानदास सैनी, अनिल कसेरा,हर्षित डोरवाल, राहुल कसेरा, सचिन ठठेरा, बंटी सैनी, कनक सैनी आदि ने अपना श्रमदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित ढ़ाणी जादावाली में पित्र जीण सेवा समिति द्वारा रविवार को पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह कस्बे के आजाद चौक स्थित पीर बाबा का पौषबड़ा महोत्सव आयोजित हुआ । इस दौरान सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी, उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, एड. योगेश सैनी, विजय सैनी, पवन सैनी, हेमराज सैनी, सुभाष सैनी, बिल्लूराम सैनी, पवन सैनी, बाबूलाल सैनी, हरचंद सैनी, मोहन सैनी, फूलचन्द सैनी, रिंकू सैनी, अजय सैनी, सीताराम सैनी, दीपक, विजय सिंह, अमित बिदाणी, विक्रम सैनी, राजू सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# 'नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ करें'

**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को अलवर के ग्राम ठेकडा स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में वानिकी सैटेलाईट प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के 119 वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन समारोह तथा 120 वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घाट्न समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राजस्थान सरकार में मंत्री संजय शर्मा ने पास आउट वनरक्षकों की परेड का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते भूपेंद्र यादव व मंत्री संजय शर्मा।

केंद्रीय मंत्री यादव ने वनरक्षक प्रशिक्षुकों को पासिंग परेड की बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि दीक्षांत परेड के सहभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने केरियर का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तकनीकी कुशलता, प्रक्रियागत एवं कानूनी जानकारी के साथ टीम भावना का विकास होता है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं के जीवन का मुख्य पड़ाव बनने साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह नौकरी ही नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति ट्रस्टी के रूप में कार्य करने का महान अवसर है।

- आरपीटीएस अलवर में आयोजित 119 वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन समारोह व 120 वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन

उन्होंने कहा कि आबादी के बढते हुए बोझ के कारण वनो पर भी बोझ पडा है। यह हर्ष का विषय है कि उक्त परिस्थितियों के मध्य भी फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की वन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश के वन क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो तीन बडें क्वाटिटी ऑफ कॉन्ट्रेब्यूशन तय किये थे उनमें पहला भारत दुनिया में जलवायु परिवर्तन प्रगति के कारण जो कार्बन उत्सर्जन होता है उसमें 40 प्रतिशत कटौती करेगा और यह लक्ष्य 2030 तक के लिए तय किया था लेकिन यह लक्ष्य हमने समय से 9 साल पहले पूरा कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। दूसरा लक्ष्य रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को बढा कर 45 प्रतिशत करेगे यह लक्ष्य भी 2030 तक पूरा करना था लेकिन यह लक्ष्य हमने 2021 में ही प्राप्त कर लिया है। भारत ने रिन्यूबल एनर्जी की क्षमता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तय किया है।

## हनुमान मंदिर में श्रदालुओं ने ग्रहण की परसादी

**मनोहरपुर।** कस्बे के हनुमान मंदिर चिड़ीमार दरवाजा में हनुमान मित्र मंडल के तत्वावधान में पोष बड़ों का भव्य आयोजन हुआ।जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।जानकारी देते हुए कार्यकर्ता कमलेश गर्ग ने बताया कि शाम को 5 बजे पोषबाड़ा कार्यक्रम आयोजित शुरू हुआ।वही आयोजन में शाहपुरा विधायक मनीष यादव, कांग्रेस नेता प्रवीण व्यास,भाजपा नेता उपेन यादव व काव्य डेयरी के एमडी शामिल हुए। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।जहां उन्होंने प्रसादी ग्रहण की और भगवान हनुमान की पूजा की। कार्यकर्ता कमलेश खोजावाला रजत मुद्गल मनोज जोशी हिमांशु जोशी अभिषेक जोशी हिमांशु लाटा गोविंद प्रजापत विपुल लाता लक्ष्य गर्ग संजय अग्रवाल अनिल चौधरी राहुल जोशी उमेश पच पीयूष शर्मा अनु मुद्गल दीपक जोशी लोकेश जोशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रावणा राजपूत समाज की 150 प्रतिभाओं का केबिनेट मंत्री ने किया सम्मान

**मालपुरा।** रविवार को शहर के पीनणी रोड शहीद स्मारक के पास हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह स्थल पर रावणा राजपूत समाज का द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने रावणा राजपूत समाज की 150 प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुये कहा कि समाज के मंच पर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करना प्रतिभाओ के साथ-साथ समाज के गौरव का विषय है। कडी मेहनत व लग्न से प्रतिभाऐं अपने परिवार ही नही समाज का भी बढाती है गौरव।

मंत्री चौधरी ने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि प्रतिभाऐं किसी की मोहताज नही होती वो अपनी कडी मेहनत के दम पर अपना मार्ग स्वंय बना लेती है।



रावणा राजपूत समाज की 150 प्रतिभाओं का केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने किया सम्मान।

रावणा राजपूत समाज भले ही संख्या बल मे कम हो लेकिन आज समाज के मंच पर समाज की 150 प्रतिभाओं ने आने वाली युवा पीढी को शिक्षा के क्षैत्र मे आगे बढने का संदेश दिया है। समारोह मे मंत्री के साथ रावणा राजपूत समाज के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला, भामाशाह व समाजसेवी पूर्व कृषि मंडी चेयरमेन रणजीत सिंह गेदिया,महिपाल सिंह चौहान डिग्गी,जयसिंह राठोड पूर्व डीएफओ ने मंच से बालिका शिक्षा को बढावा देने व शिक्षा के साथ-साथ खेल व प्रशासनिक क्षैत्र मे भी आगे बढने के लिये प्रतिभाओं को प्रेरित किया।

बडी संख्या मे मौजूद रावणा राजपूत समाज के प्रबुद्धजनो व युवाओं ने केबिनेट मंत्री व समाज के प्रदेशाध्यक्ष सहित मंचाशील अतिथियो का स्वागत अभिनन्दन किया। समाज के महावीर सिंह कांटोली, गिर्राज दहिया सहित बडी संख्या मे युवाओं ने बढ-चढकर भाग लिया। समारोह मे मंच से अपने सम्बोधन मे केबिनेट मंत्री ने रावणा राजपूत समाज को विश्वास दिलाया कि जल्द समाज की छात्रावास की भूमि का भूमि पूजन होगा तथा हाईफाई हीरो मेजर दलपत सिंह के नाम पर क्षैत्र मे किसी एक सडक मार्ग का नाम रखा जायेगा। मंत्री की इस घौषणा व दिये गये विश्वास पर समाज ने मंत्री का जताया आभार।

# बालाजी स्थापना दिवस एवं पौष महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा।** पावटा उपखंड क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला में रविवार को बालाजी स्थापना दिवस एवं पौष महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कमेटी सदस्य सुभाष गोयल एवं पवन गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों से लोगो के बीच सामाजिक समरसता बढ़ती है तथा उन्हें बिना भेदभाव एक जगह बैठने का मौका मिलता है। प्राचीन केशव सागर धर्मशाला परिसर में धार्मिक आयोजन के अंतर्गत बालाजी मंदिर में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमेटी सदस्य मनोज गोयल, महेंद्र गोयल, धर्मेंद्र गोयल और विवेक गोयल ने बताया की मंदिर में भव्य सजावट कर विशेष आरती की गई।

- पावटा कस्बा में सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला में हुआ

कार्यक्रम में पौष महोत्सव आयोजन में भगवान को हलवे, पकौड़ी, पूरी और सब्जी का भोग लगाकर उसके बाद पंगत प्रसादी व श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आयोजित पंकज प्रसादी में हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की गई। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया। वही प्रागपुरा कस्बा के गुजेड़ा धाम स्थित बांके बिहारी मंदिर में रविवार को पोषबड़ा महोत्सव व बाबा माधवदास के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पंगत प्रसादी पायी।



बाबा माधवदास का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया।

मंदिर महंत भगवतदास महाराज ने बताया की दोपहर 12 बजे भगवान को भोग लगाकर पंगत प्रसाद का वितरण किया गया। आचार्य विकास शास्त्री ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा माधवदास का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम दोपहर से लेकर देर रात्रि तक जारी रहा। वहीं कार्यक्रम के तहत रात्रि में जागरण हुआ। जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने भजनो का लुप्त उठाया। इस दौरान विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा, पूर्व जिला जिला पार्षद ललित गोयल, राजेंद्र पारीक, पप्पू स्वामी, युवा नेता ओपी बायला, रवि स्वामी, जतिन राजपूत, सुभाष सैनी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

## समर्पण की भावना सीखा रही अंबेडकर चेतना समिति

**सांभरझील, (निसं)।** सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्यों को अंजाम देकर लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनती जा रही है यहां की डॉ. भीमराव अंबेडकर चेतना समिति। समिति ने विगत कुछ वर्षों में जन हितार्थ मुद्दों को उठाकर लोगों को जागृत करने का काम किया, वहीं दूसरी तरफ समाज के विभिन्न तबको से जुड़े होनहारों को भी आगे लाने का काम कर उनकी हौसला अफजाई कर उनको एक नई पहचान दिलाने में सक्रिय भूमिका अदा की। समिति की तरफ से समय-समय पर सामान्य कानूनों की जानकारी देकर भी लोगों में चेतना लाने का काम कर समर्पण की भावना जगाई।

जरूरतमंद लोगों के लिए सेवा की भावना रखकर काम कर रही समिति अब शिक्षा के क्षेत्र में भी उन युवा पीढ़ी को आगे लाने का काम कर रही है जो किसी अपरिहार्य कारणों से पिछड़ रहे हैं। समिति में युवा से लेकर बुजुर्ग शिक्षित वर्ग का एक बड़ा तबका शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रहा है। महिलाओं के लिए भी लगातार उत्थान को लेकर चिंतित समिति ने अब इस दिशा में नई पहल शुरू कर दी है। यहां अंबेडकर भवन में समिति की तरफ से महिलाओं के सर्वांगिण विकास हेतु उठाये गए सराहनीय कार्यों को गति प्रदान करते 05 जनवरी से प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से शाम 5:30 बजे तक नि:शुल्क पुस्तकालय प्रारंभ कर दिया है। यहां आने वाली महिलाओं को पढ़ने के लिए अब पुस्तकालय में फ्री वाई-फाई, बैठने की उत्तम व्यवस्था, शांत वातावरण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं अत्याधुनिक सुविधाएं भी मुहैया कराई गई है हैं। यहां अध्ययन करने वालों के लिए कोई उम्र का प्रतिबंध है, न ही किसी जाति, धर्म का बंधन।

- सामान्य कानूनों की जानकारी देकर लोगों में चेतना लाने का काम कर समर्पण की भावना जगाई

खास बात यह भी है कि यहां का शांत वातावरण और अनुकूल माहौल प्रतियोगी व विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रही उन युवतियों के लिए सुनहरा अवसर भी साबित होगा जो अपने सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति के अध्यक्ष विनोद दुलारिया बताते हैं कि यहां लंबे समय से राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत हुए कैप्टन डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा निशुल्क शिक्षण कार्य कर रहे हैं ।

# पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**कोटपूतली।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी राजेश शर्मा ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय होने वाले हादसों से बचने के लिये प्रयोग की जाने वाली विभिन्न सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया। जिसमें विभिन्न ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक लाईटें और हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग संबंधी विशेष जानकारी दी गई। डीएसपी ने कहा कि ट्रैफिक नियमों को अच्छी तरह समझना चाहिये, ताकि भविष्य में अपनी और समाज की बेहतरी में बड़ा योगदान डाल सकें। थानाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि आप अपने व परिवार की सुरक्षा के लिये बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन ना चलायें। दुपहिया वाहन में तीन सवारी ना चलें, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात ना करें, तेज गति से वाहन नहीं चलायें, चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये, नशे की हालात में कभी भी वाहन नहीं चलायें। पुलिस अधिकारियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी।




पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को दी यातायात नियमों की जानकारी।

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के काटे चालान - कस्बे के मुख्य चौराहे पर वाहन चालकों को जागरूक करने के लिये थाना प्रभारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से समझाईश की और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे। पुलिस ने चौपहिया वाहनों चालकों से सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया। बाईक सवार वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की हिदायत दी। थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि थाना पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने मिलकर चालान काटने की कार्यवाही की। करीब 50 वाहन चालकों के चालान काटे गये। जिनमें बिना सीट बेल्ट कार चलाना, बिना हेलमेट के बाईक चलाना, नो पार्किंग में वाहन खड़े करना और वाहन चालकों के पास दस्तावेज नहीं होने से संबंधित को लेकर चालान काटे गये हैं। वहीं निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह एवं साईबर अपराध की जानकारी दी गई। इस दौरान थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा, हैड कांस्टेबल मुखराम, कांस्टेबल लखन सिंह, कांस्टेबल विक्रम सिंह, चालक देवेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

- राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन

## वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन

**पावटा।** राज ब्रह्म कार्मिक समूह का पंचम वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन समारोह का आयोजन ग्रीन पार्क गार्डन दिल्ली रोड पावटा कोटपुतली जयपुर में किया गया। ।लाइब्रेरी स्थापना हेतु कार्ययोजना, शैक्षिक उन्नयन हेतु परशुराम शिक्षा केंद्र रूपी योजना का प्रस्तुतीकरण एवं किए जाने वाले कार्य, प्रशासनिक सेवाओं में उन्नत हो समाज हमारा-प्रस्तुति एवं कार्य, प्रत्येक घर जोड़ो अभियान, समाज के अंतिम छोर के बंधु को जोड़ने वाली इस योजना की जानकारी एवं इस हेतु किए जाने वाले कार्य, आपसी सहयोग हेतु चैनल निर्माण, ग्राम – खण्ड – जिला –संभाग – केंद्र हेतु कार्ययोजना, ईडब्लूएस अन्तर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने, समाज उत्थान में भूमिका – राजनीतिज्ञ, कार्मिकों, एडवोकेट्स, बिजनेसमैन, पुजारी आदि, स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव) वाली निचले स्तर की समाज को सुदृढ़ बनाने और प्रतिनिधित्व बढ़ाने हेतु कार्य योजना एवं संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

## सार-समाचार

### आवासीय शिविर आयोजित




**टोंक।** अखिल भारतीय काग्रेस कमेठी के पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी.बी. यादव की अध्यक्षता में दो दिवसीय ''सर्वोदय संकल्प शिविर का आयोजन टोडारायसिहं के शान्तिनाथ दिगम्बर जैन धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिविर में यादव ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं का संघर्ष नया नही है, वही स्वराज एवं सर्वोदय के विचार को विस्तृत रूप से समझाते हुए कहा कि स्वराज एवं सर्वोदय का सपना संवैधानिक मूल्यों को जमीन पर उतरने से ही सम्भव हो सकता है। दो दिवसीय शिविर में अजमेर संभाग के 4 जिलो के 150 जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर के आयोजक राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन, जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश मीना ने अतिथियों का सम्मान करते हुए सर्वोदय के विचार को जन जन तक पहुँचाने की अपील की।

### साइबर फ्रॉड की दी जानकारी

**फुलेरा।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार सांयकाल को सीएलजी, सुरक्षा सखी और पुलिस मित्र की बैठक का आयोजन वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक के दौरान थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए वृत्ताधिकारी अनुपम मिश्रा ने कहा कि 1 जनवरी से 31 जनवरी तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वहीं आगे कहा कि आजकल साइबर फ्रॉड के मामले अधिक से अधिक बढ़ रहे है। जिनसे अपनी जागरूकता से ही बचा जा सकता है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नही करें। अपने ओटीपी, पिन नम्बर अथवा पासवर्ड किसी को भी नहीं बताए। बैंक कभी भी किसी ग्राहक से फोन पर कोई जानकारी नही मांगता है, इसलिए सतकर्ता बरतें। अगर किसी भी प्रकार से कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार हो जाए तो तुरन्त हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये। साथ ही आगे यह भी बताया कि आजकल डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं बढ़ रही है, वे भी फ्रॉड है। इसलिए ऐसा कोई फोन आए तो घबराए नहीं और पुलिस थाने में सूचित करें। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल थानाधिकारी राजेश सिंह ने भी कहा कि रेलवे नियमों का पालन करें, रेल परिसर में सतकर्ता बरतने के निर्देश दिए। इसी तरह रेल परिसर स्थित जीआरपी थाने पर भी साइबर फ्रॉड की जानकारी को लेकर सीएलजी सदस्यों की एक बैठक का आयोजन थानाधिकारी गुलज़ारी लाल की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र सहित नगर के कई व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों ने किया अभिनन्दन

**चौंमू/कालाडेरा।** चौंमू उपखण्ड की ग्राम पंचायत आष्टीकलाँ में खेल मेदान से लुंगती वाले बालाजी होते हुए बागड़ो का बास की ओर 2 किमी. लम्बाई की सड़क स्वीकृति और कार्य शुभारंभ पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अभिनन्दन किया गया। साथ ही बधाल रोड से नोपा का बास सड़क निर्माण कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया। पूर्व विधायक शर्मा ने सड़क स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। ग्राम आष्टीकलाँ में आयोजित अभिनन्दन समारोह में ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर अभिनन्दन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस मौक़े प्रधान रामस्वरूप यादव, उप प्रधान कमला चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जय प्रकाश चौधरी, भूतेड़ा सरपंच गोरी शंकर नेतड , पंचायत समिति सदस्य नारंगी देवी, लाल चंद यादव, पूर्व सरपंच प्रभु दयाल कुमावत, मगन सिंह नाथावत, अमरचंद निठारवाल, गोगराज रोज, गोरी लाल बगड़िया, मदन सिंह नाथावत, गोरधन शर्मा, गौरी शंकर शर्मा, बिरदी चंद कुमावत, प्रभु दयाल यादव, शिभु दयाल नेतड , मोटा राम फड़ौलिया, अनिल निठारवाल, सूर्य प्रकाश नाथावत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भव्य शोभायात्रा निकाली

**निवाई।** गांव थली बासड़ा उर्फ हमीदपुरा में देवसप्तमी के कार्यक्रम को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रामूजी डोई ने बताया कि देवसप्तमी के आयोजन को लेकर पंडित रामअवतार शर्मा के सानिध्य में छील्ला वाले भैरूजी के मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना करके भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शेभायात्रा में सैंकड़ों महिला पुरुष बैण्डबाजे के भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर मांगलिक कलश लेकर बैण्ड-बाजे के साथ रवाना हुई। इस दौरान बैण्ड-बाजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाए। कलशयात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कलशयात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए देवसप्तमी कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पंडितों के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने मंत्रोचारण के साथ कलशों की स्थापना की। मंत्रोचारण व भगवान देवनारायणजी के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। इस दौरान रामूजी डोई, सरदार लांगड़ी, हरिराम डोई, रतन चौहान, रामधन हरसाना व प्रहलाद मोटण सहित सैंकड़ों ग्रामवासी मौजूद थे।

### प्रधानाचार्य एवं शिशु वाटिका प्रभारी संयुक्त बैठक सम्पन्न

**निवाई।** सरस्वती विद्या विद्या मंदिर में शिशु वाटिका से जुडी 12 व्यवस्थाओं को प्रत्येक विद्यालय में लागू करने हेतु जिले के सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रभारी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह व मुख्य वक्ता जसराम मीना ने शिशु वाटिका में नवाचार पर जोर दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता, जिला सचिव दिनेशकुमार शर्मा, पूर्व व्यवस्थापक ताराचंद माहुर, प्रबंध समिति व्यवस्थापक योगेंद्र सिंहल, प्रधानाचार्य गोविन्दनारायण शर्मा, प्राथमिक प्रधानाचार्य गिर्राज गूर्जर, बालिका प्रधानाचार्य सीमा माथुर, सहायक प्रधानाचार्य मोहनलाल शर्मा व शिशु वाटिका प्रधानाचार्य शिवराज पाराशर सहित जिले में संचालित विद्यालयों के शिशु वाटिका प्रभारी मौजूद थे। बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित व मां शारदे की वन्दना कर किया।

### यातायात जागरूकता अभियान

**नारायणपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर रविवार को बासदयाल पुलिस थानान्तर्गत रसनाली मोड़ पर थानाधिकारी किशन लाल के सानिध्य में यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। थानाधिकारी किशन लाल ने सभी उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के महत्व के बारे में बताया और सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए उचित सावधानियां बरतने की अपील की। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और अन्य यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### ठाकुर जी को लगाया पौष बड़ों का भोग

**चाकसू।** लड़ी वालों की बगीची स्थित राम वल्लभाचार्य आश्रम में महंत रामप्रिया शरण महाराज के सानिध्य में ठाकुर जी को पौष बड़ों का भोग लगाया गया। पौष बड़ा महोत्सव के तहत भगवान जानकी नाथ की भव्य झांकी सजाई गई। पौष बड़ों का भोग लगाकर, महा आरती की गई। महोत्सव में पधारे साधु संतों व श्रदालुओं ने मंहत महाराज राम प्रिया शरण का सम्मान किया वही प्रभात फेरी तथा सुंदर कांड का पठन किया गया।आसपास से पधारे अनेक साधु संतों और श्रदालुओं ने श्रृंगार के दर्शन कर पंगत प्रसादी पाई । कार्यक्रम में बरखेड़ा, शिवदासपुरा, नया निमोडिया, शीतला, दयापुरा के अवधेश शर्मा, प्रहलाद शर्मा, रामनरेश शर्मा, रामलखन पंडित, राधेश्याम शर्मा, गणेश शर्मा, रामावतार, बाबूलाल सहित कई श्रदालुओं ने भाग लिया।

